बरेली, बुधवार
24 मई 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18

दैनिक जागरण

PAGE NO : 7 TOP

26 विद्यार्थियों को मिली नौकरी

एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन हुआ ● सौ .एसआरएमएस

बरेली : श्री राम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के ट्रेनिंग डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट विभाग में कोफोर्ज कंपनी ने प्लेसमेंट का आयोजन किया। जिसमें कुल 26 विद्यार्थियों का चयन हुआ। बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इनफार्मेशन टेक्नालाजी, इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग बैच के विद्यार्थियों को कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। परीक्षा में 124 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें 42 विद्यार्थी साक्षात्कार के लिए पास हुए। जिसमें से 26 विद्यार्थियों का फ़ाइनल चयन हुआ। जिनमें से 20 विद्यार्थी श्री राम मूर्ति स्मारक कालेज कालेज आफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी और 6 विद्यार्थी श्री राम मूर्ति स्मारक कालेज आफ़ इंजीनियरिंग टेक्नोलाजी एंड रिसर्च के रहे। निर्देशक ट्रेनिंग डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट सेल के डॉक्टर अनुज, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी निर्मल जोशी, मनीषा खंडेलवाल, राहुल सक्सेना का सहयोग रहा। वि .